# सीएम योगी ने मुंबई में जुटाया ₹ 5 लाख करोड़ का निवेश

लोकमत समाचार सेवा

**मुंबई:** उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए भारतीय उद्योग जगत को आमंत्रित करने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, यहां से 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों के साथ अपने प्रदेश लौटे हैं.

रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में बड़े निवेश का प्रस्ताव दिया है, जिसमें पूरे उत्तरप्रदेश में 5जी इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करना और प्रदेश में गांवों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना शामिल है. जबकि अदानी समूह ने पीपीपी मॉडल पर बलिया और श्रावस्ती में चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने और नोएडा में 10,000 युवाओं की क्षमता वाला एक कौशल विकास केंद्र बनाने में रुचि दिखाई है.10 से 12 फरवरी को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में इस संबंध में समझौते औपचारिक रूप लेंगे.

रिलायंस, टाटा संस, अदानी, गोदरेज, बिड़ला, पीरामल, वेदांता, पारले, हिंदुजा, लोढ़ा और रामकी सहित दो दर्जन से अधिक उद्योगपतियों ने दो दिवसीय प्रवास पर मुंबई आए मुख्यमंत्री से मुलाकात की , जिन्होंने उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर के विजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया.

अदानी समूह के करण अदानी ने अगले 5 वर्षों में लाखों करोड़ रुपये के निवेश के कई प्रस्तावों के साथ वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में बड़े निवेश की कार्य योजना पर चर्चा की. इसमें पीपीपी मॉडल पर बलिया और श्रावस्ती में मेडिकल कॉलेज स्थापित करना शामिल है. नोएडा में विकास केंद्र, और सात अलग-अलग स्थानों पर सीमेंट इकाइयां स्थापित करने पर भी उन्होंने चर्चा की. सीएम योगी की औद्योगिक नीतियों की तारीफ करते हुए करण अदाणी ने लखनऊ एयरपोर्ट के विस्तार की योजना भी साझा की और यूपी डिफेंस कॉरिडोर में ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा गोला बारूद हब बनाने की कार्ययोजना पर चर्चा की. इसके अलावा अदानी समूह साइलो, स्मार्ट मीटर निर्माण में भी निवेश करेगा.

आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने नोएडा में एक सम्मेलन केंद्र स्थापित करने के लिए सरकार का समर्थन मांगा और कहा कि यह दुनिया के सबसे बड़े सम्मेलन केंद्रों में से एक होगा. बिड़ला ग्रुप ने यूपी की क्षेत्रीय नीतियों की सराहना की और खाद्य प्रसंस्करण, डाटा सेंटर, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स के साथ-साथ सौर ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए अपनी कार्य योजना मुख्यमंत्री के साथ साझा की.

पीरामल इंटरप्राइजेज के अजय पीरामल ने कहा कि वह प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के संकल्प में शामिल होकर वाराणसी में एक विशेष अभियान की शुरुआत करेंगे. उन्होंने फार्मा पार्क विकसित करने में अपनी रुचि व्यक्त की. इसी तरह जेएसडब्ल्यू ग्रुप के एमडी सज्जन जिंदल ने भी बिजली उत्पादन के लिए सोनभद्र में अत्याधुनिक पंप स्टोरेज प्लांट, कानपुर में ईवी निर्माण इकाई और एक नई पेंट इकाई की स्थापना पर चर्चा की. जिंदल ने कानपुर में एक मंदिर और नैमिषधाम के विकास में सहभागी होने की इच्छा भी व्यक्त की.


## मुख्य बिंदु

एआई की मदद से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हर जिले में खुलेंगे जियो सेंटर

**अदानी ने पीपीपी मॉडल पर बलिया और श्रावस्ती में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने में रुचि दिखाई**

रामकी ग्रुप का कानपुर और लखनऊ के बीच सैटेलाइट सिटी बनाने का प्रस्ताव

**एयर इंडिया प्रदेश के आध्यात्मिक महत्व के हर शहर के लिए उड़ान भरेगी**


मुंबई में गुरुवार को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते (बाएं से) रिलायंस इंडस्ट्रीज के सीएमडी मुकेश अंबानी, आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला एवं जेएसडब्ल्यू ग्रुप के एमडी सज्जन जिंदल.

## अयोध्या में बनाएंगे महाराष्ट्र भवन

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अयोध्या में महाराष्ट्र भवन का निर्माण किया जाएगा. इसके लिए उनकी सरकार जगह उपलब्ध कराएगी. योगी आदित्यनाथ और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच आज राजभवन में आयोजित भोजन समारोह में चर्चा हुई. इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने शिंदे को आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी दोनों राज्यों के बीच आपसी सहयोग जारी रहेगा.

## बैंकर्स टाल दिया करते थे, अब स्वागत करते हैं

### उत्तर प्रदेश की आर्थिक मजबूती को लेकर योगी आदित्यनाथ का दावा

### बैंकिंग क्षेत्र से की सहयोग की अपील

**मुंबई:** किसी समय उत्तर प्रदेश सरकार अपने लोन प्रस्ताव बैंकों के पास जाती थी तो बैंकर्स राज्य की माली हालत देखकर खड़े नहीं करते थे. आज वही बैंकर्स हमारी मजबूत आर्थिक स्थिति को देखते हुए हमारे लिए पलक-पांवड़े बिछाए तैयार रहते हैं.

कुछ इन शब्दों के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैंकर्स से राज्य में बुनियादी सुविधाओं की परियोजनाओं के लिए सहयोग करने की अपील की. गुरुवार को उन्होंने यहां बैंकिंग क्षेत्र के दिग्गजों को संबोधित किया. योगी आदित्यनाथ निवेश आकर्षित करने के लिए इन दिनों मुंबई के दौरे पर हैं. उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जब हमारी सरकार राज्य में आई तब माली हालत काफी खराब थी. इन दिनों हम इस मोर्चे पर मजबूत स्थिति में हैं. राज्य के बजट का आकार दोगुना बढ़ चुका है. लॉजिस्टिक की सुविधाओं का विस्तार हुआ है. देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे उत्तर प्रदेश में बनाए गए. यही राज्य पांच अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों वाला देश का पहला राज्य बन चुका है. रेलवे का खासा बड़ा नेटवर्क है. बैंकिंग क्षेत्र ने जो सहयोग किया उसीके चलते यह संभव हो पाया.

उत्तर प्रदेश में पहले बिजली की किल्लत रहती थी. आज हमारे पास अतिरिक्त बिजली है. हमने 'एक जिला, एक उत्पादन' योजना प्रस्तुत की है. हर जिले के विशेष उत्पादों का ब्रांडिंग और मार्केटिंग किया जा रहा है. इसके चलते हर जिले से विशिष्ट उत्पाद अन्य राज्यों को और देश के बाहर भेजे जा रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति काफी अच्छी है.

**ये बैंकर्स मौजूद थे:** इस कार्यक्रम में सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एस. रमण, नाबार्ड के महाप्रबंधक स्मिता मोहंती, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी एवं सीईओ आशीष चौहान, कोटक महिंद्रा के सीईओ उदय कोटक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यकारी निदेशक एबी विजयकुमार, बैंक ऑफ बड़ोदा के कार्यकारी निदेशक अजय खुराना, स्टेट बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक दिनेश खारा, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के प्रबंध निदेशक मनीष जैन, आईडीबीआई के सीईओ राकेश शर्मा, एस बैंक के सीईओ प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे.